प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

000

जे पी नडडा

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत की विश्व की फार्मेसी की प्रतिष्ठा के अनुरूप विश्व स्तरीय दवा नियामक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दवा और चिकित्सा उपकरण उद्योग के बीच लगातार विचार–विमर्श होते रहना चाहिए। जे पी नड्डा ने कल दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन पर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर दवाओं के उत्पादक और निर्यातक के तौर पर भारत अग्रणी है। उन्होंने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन–सी डी एस सी ओ से वैश्विक मानकों के अनुरूप समयसीमा के साथ एक रोडमैप तैयार करने को कहा।

भाजपा

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक आज से ऊना में शुरू होने जा रही है। इस बैठक में प्रदेश भर से करीब आठ सौ प्रतिनिधियों सहित राष्ट्रीय स्तर के नेता भी भाग लेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कल ऊना में बैठक की तैयारियों की समीक्षा की और जरूरी दिशा–निर्देश दिए। पार्टी महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने बताया कि इस बैठक के माध्यम से पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मिलकर आगामी योजनाओं व रणनीतियों पर विचार–विमर्श करेगी। उन्होंने कहा कि बैठक के सफल आयोजन के लिए पार्टी ने व्यापक स्तर पर तैयारी की है।

नीट यूजी

सर्वोच्च न्यायालय में आज चिकित्सा पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता सह प्रवेश परीक्षा –नीट यूजी 2024 के विवाद से जुडी याचिकाओं की सुनवाई निर्धारित की गई है। 11 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षा को रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और नीट यूजी – 2024 के आयोजन में कथित गड़बड़ियों के मामले सहित सभी याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी थी। न्यायालय ने केन्द्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए की ओर से कुछ पक्षों को जवाब नहीं मिलने के कारण सुनवाई आगे बढ़ा दी थी।

मुख्य न्यायधीश डी.वाई चन्द्रचूड, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को सर्वोच्च न्यायालय में भेजने के संबंध में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से दायर याचिकाएं भी शामिल हैं।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यकाल के पहले वर्ष से 75 महत्वपूर्ण भाषणों का संकलन विंग्स टू अवर होप्स–वॉल्यूम–वन का विमोचन आज नई दिल्ली में किया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ई–पुस्तक का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित होंगे। यह संकलन प्रकाशन विभाग ने हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित किया है।

किन्नर कैलाश

किन्नर कैलाश यात्रा एक अगस्त से शुरू हो रही है जो 26 अगस्त तक चलेगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय रिकांगपिओं में कल देर शाम इस संबंध में यात्रा को लेकर औपचारिक घोषणा की गई। बैठक में इस वर्ष से किन्नार कैलाश यात्रा तांगलिंग मार्ग के अलावा पूर्वणी मार्ग से भी शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिला पर्यटन अधिकारी व एसडीएम कल्पा शशांक गुप्ता ने बताया कि यात्रा के लिए देश–विदेश से श्रद्वालु आते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्वालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश भागों मे आज बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में अभी तक मॉनसून की रफतार धीमी है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आज से मॉनसून सक्रिय होने की संभावना है। प्रदेश में आगामी 4 दिनों तक बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से नदी–नालों और भू–स्खलन प्रभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिल्ली दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला, पंजाब केसरी व दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है शाह से मिले सुक्खू, आपदा में हुए नुक्सान के लिए मांगे 9 हजार 42 करोड़। आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है प्राकृतिक आपदाओं की लंबित धनराशि को शीघ्र जारी करें–केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उठाया मामला। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं रानीताल–कोटला, घुमारवीं–जाहू–सरकाघाट को एन एच बनाए सरकार–सीएम सुक्खू ने गडकरी के सामने रखी बात, राज्य मार्गों के उन्नयन के लिए मांगे लगभग 173 करोड़ रूपए।

हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है शारीरिक शिक्षा में पी एच डी की फिर से होगी प्रवेश परीक्षा, हाईकोर्ट ने दी छूट।

क्रिप्टो करंसी ठगी मामले का मास्टरमाइंड गिरफतार शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है हिमाचल पुलिस की एस आई टी ने कोलकाता से गिरफतार किया मिलन गर्ग।

प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र अगस्त में, मत्रिमंडल बैठक में तय होंगी तिथियां दैनिक जागरण की एक खबर है।

मौसम से जुड़ी खबर को हिमाचल दस्तक ने शीर्षक दिया है धीमा पड़ा मानसून बनता जा रहा परेशानी। आपका फैसला ने लिखा है ऊना में झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।